वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेस–विज्ञप्ति

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न करायी गयी मुख्य **परीक्षा 2023 में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण छात्र/छात्राओं हेतु बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा– 2023 में परीक्षा फार्म** भरने **एवं शुल्क जमा करने एवं परीक्षाफार्म सत्यापन हेतु** निम्नवत् तिथियाँ बढ़ाई जाती हैं–

कार्यक्रम	निर्धारित तिथि
परीक्षा फार्म भरने की तिथि	दिनांक : 25.09.2023 से 29.09.2023 तक
महाविद्यालय द्वारा परीक्षा फार्म मे संशोधन एवं सत्यापन की तिथि	दिनांक : 25.09.2023 से 30.09.2023 तक
महाविद्यालय द्वारा परीक्षा **शुल्क आनलाइन** जमा करने की तिथि	दिनांक : 25.09.2023 से 30.09.2023 तक

परीक्षा नियंत्रक

बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा– 2023 हेतु दिशा–निर्देश

1. शैक्षणिक सत्र नियमित किये जाने, समयान्तर्गत मूल्यांकन एवं परिणाम घोषित किये जाने के दृष्टिगत आवेदन की तिथि किसी भी दशा में विस्तारित नहीं की जायेगी। अतएव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समस्त कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
2. बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क रू0 600/– (छः सौ मात्र) प्रति प्रश्नपत्र है।
3. वार्षिक परीक्षा सत्र 2022–23 स्नातक के बी0ए0/बी0एस–सी0 द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के परीक्षार्थी अपने एक विषय के समस्त प्रश्नपत्रों अथवा दो विषय के अधिकतम तीन प्रश्नपत्रों की बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा के लिए जनपद जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ एवं प्रयागराज के परीक्षार्थी आवेदन कर सकते हैं।
4. बी0काम0 द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के परीक्षार्थी अपनी मुख्य परीक्षा के एक समूह के दो प्रश्नपत्रों अथवा दो समूह के एक–एक प्रश्नपत्रों में बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन कर सकते हैं।
5. स्नातक बी0एस–सी0 कृषि चतुर्थ वर्ष के परीक्षार्थी अपने मुख्य परीक्षा के अधिकतम दो प्रश्नपत्रों में बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन कर सकते हैं।
6. स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष परीक्षा वर्ष 2023 जनपद जौनपुर, गाजीपुर एवं प्रयागराज के परीक्षार्थी अपने मुख्य परीक्षा 2023 में सम्पन्न करायी गई परीक्षा के चुने हुए प्रश्न पत्रों में से केवल एक प्रश्नपत्र की बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं।
7. मुख्य परीक्षा 2023 में सम्मिलित इच्छुक छात्र बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा हेतु आवेदन करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उन्हें बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।
8. परीक्षार्थी बैक पेपर/अंकसुधार परीक्षा में यदि मुख्य परीक्षा से कम अंक प्राप्त करता है तो उसे मुख्य परीक्षा का ही अंक प्रदान किया जायेगा।
9. बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा मे छात्रों के उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण होने के सम्बन्ध में मुख्य परीक्षा का ही नियम लागू होगा।

10. पर्यावरण/राष्ट्रगौरव में अनुत्तीर्ण/अनुपस्थित छात्र/छात्रायें भी परीक्षा फार्म एवं शुल्क जमा कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।
11. बैकपेपर/अंकसुधार परीक्षा 2023 के पूरित परीक्षा फार्म के साथ मूल अंकपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में आवेदन फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व अभ्यर्थी/महाविद्यालय का होगा।

पत्रांक : 674 /बैक पेपर/ 2023

दिनांक 25/09/23

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सहायक, कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. आशुलिपिक वित्त अधिकारी, वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी को सूचानार्थ।
4. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्र .... को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वान्चल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. प्रभारी/प्रशासनिक अधिकारी
6. , परीक्षा/गोपनीय/अतिगोपनीय विभाग/उत्तरपुस्तिका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रभारी, एम0आई0एस0 प्रकोष्ठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

25/9

सहायक कुलसचिव
बैकपेपर/अंकसुधार